भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1632

उत्तर देने की तारीख : मंगलवार, 09 मार्च, 2021

18 फाल्गुन, 1942 (शक)

बाराबती किले का विकास और जीर्णोधार

1632. श्री अश्वनी वैष्णव:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के ऐतिहासिक गौरव का संरक्षण करने हेतु कटक के बाराबती किले के लिए किसी संयुक्त विकास योजना का कार्यान्वयन किया है या कार्यान्वयन करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): जी, हां। बाराबती किला और उससे सटे प्राचीन खंदक के प्राचीन गौरव के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण और विकास हेतु एक योजना है। इस संबंध में, कटक नगर-निगम ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास निधियां जमा की हैं और आवश्यक संरक्षण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त ओडिशा पर्यटन विकास निगम बाराबती किले में पगडंडी, उद्यान, शौचालय, पार्किंग और सुविधा केंद्र जैसी विभिन्न पर्यटन सुविधाएं विकसित कर रहा हैं।

*****